UPST-ESTN05GA(MISC)/39/2025-ESTN-UPST I/442508/202

पत्र संख्या-स्था-5(ग) लेखा संवर्ग पत्रावली/2025-26/ 5063 राज्य कर

प्रेषक,

अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1- समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

2- अपर आयुक्त (लेखा ) राज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

(स्थापना-अराजपत्रित अनुभाग) लखनऊ :: दिनाँक 02/2/~~01~~- 2026

महोदय,

कृपया अपर निदेशक , आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश, 510/217 न्यू हैदराबाद, लखनऊ-226007 के पत्र संख्या -3170 दिनांक 19-01-2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें (छायाप्रति संलग्न ), जिसके द्वारा नवपदोन्नत लेखा संवर्ग के कार्मिकों की पदोन्नति के उपरान्त कार्यमुक्त / कार्यभार ग्रहण करने एवं पदोन्नति के सम्बन्ध में फारगो किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश प्रसारित किये गये हैं।

२- अपर निदेशक , आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश, 510/217 न्यू हैदराबाद, लखनऊ-226007 के पत्र संख्या -2856 दिनांक 17-12-2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें (छायाप्रति संलग्न ), जिसके द्वारा लेखा संवर्ग के कार्मिकों को ए0सी0पी0 प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश प्रसारित किये गये हैं।

अत: अपर निदेशक , आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश, 510/217 न्यू हैदराबाद, लखनऊ-226007 के उपरोक्त दोनों पत्रों की छायाप्रतियाँ इस अनुरोध के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है कि कृपया प्राप्त निर्देशानुसार कार्यवाही करने हेतु अपने अधीनस्थ तैनात लेखा संवर्ग के कार्मिकों को अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नकः – यथोक्त ।</u>

भवदीय,

Digitally signed by
RAVI SHEKHAR SINGH
Date: 30-01-2026
18:50:21

( रवि शेखर सिंह)
संयुक्त आयुक्त ( स्था0अराज0) राज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ ।

पृष्ठाँकन पत्र संख्या व दिनाँक उक्त।

प्रतिलिपि

1. अपर निदेशक , आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश, 510/217 न्यू हैदराबाद, लखनऊ-226007 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. संयुक्त आयुक्त, ( आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेबसाईट के सूचनापटट पर प्रदर्शित करने हेतु ।
3. उपायुक्त एवं आहरण वितरण अधिकारी राज्य कर मुख्यालय लखनऊ को तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

200240

Digitally signed by
SATYENDRA KUMAR
Date: 02-02-2026
10:41:52

(सत्येन्द्र कुमार)
उप आयुक्त ( स्था0अराज0) राज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ ।

श्रीमती प्रतिमा
कृपया आवश्यक कार्यवाही करें।
मुख्यालय, लखनऊ
दिनांक 02-02-26

C:\Users\abc\Desktop\desk 5 (gha)\mangal type\feb 2025...docx

# आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश,

510/217, न्यू हैदराबाद, लखनऊ–226007

Website:-upiaad.up.gov.In
E-mail:-dia-upfinance@gmail.com

Telephone:-0522–4331772/0522–4331773
E.H.R.M.S Code:-1531435


पत्रांक–आ0ले0प0-3170 /6783/अधि0/पदो0पदस्था0–II/स0ले0अ0/2025 दिनॉक 19.01.2026

## कार्यालय ज्ञाप

निदेशालय के कार्यालय–आदेश संख्या–आ0ले0प0–3027/6783/अधि0/पदो0पदस्था0–II/स0ले0अ0/2025, दिनॉक 05.01.2026 (विभागीय वेबसाइट Website:-upiaad.up.gov.in पर उपलब्ध) द्वारा विभागीय चयन समिति की संस्तुति पर लेखाकार/ज्येष्ठ लेखा परीक्षक के पद से सहायक लेखाधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु चयनित कार्मिकों की पदोन्नति के साथ पदस्थापन/तैनाती के आदेश निर्गत किये गये हैं। उक्त आदेश में सम्बन्धित कार्मिकों द्वारा अपने वर्तमान तैनाती कार्यालय से कार्यमुक्त होकर पदस्थापन/तैनाती कार्यालय में सहायक लेखाधिकारी के पद पर योगदान कर योगदान की सूचना मानव सम्पदा पोर्टल पर अपडेट किये जाने के निर्देश दिये गये है। उसके क्रम में कतिपय कार्मिकों की योगदान आख्या इस निदेशालय को प्राप्त हो चुकी है परन्तु अधिकांश कार्मिकों के पदस्थापन कार्यालय में योगदान की सूचना इस निदेशालय को प्राप्त नहीं हुयी है और न ही मानव सम्पदा पोर्टल पर अपडेट की गयी है।

अतः सम्बन्धित कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर अपने वर्तमान तैनाती कार्यालय से कार्यमुक्त होकर पदोन्नति पर पदस्थापन/तैनाती कार्यालय में योगदान करते हुये योगदान आख्या इस निदेशालय को प्रेषित कराया जाना सुनिश्चित करें तथा मानव सम्पदा पोर्टल पर भी तदानुसार डेटा अपडेट करायें।

पदोन्नति के फलस्वरूप जिन कार्मिकों द्वारा अपने वर्तमान तैनाती कार्यालय से तत्काल कार्यमुक्त होते हुये पदस्थापन/तैनाती कार्यालय में योगदान नहीं किया जाता है अथवा जिन कार्मिकों द्वारा पदोन्नति से इनकार (Forgo) किया जाने है, के सम्बन्ध में अपने कार्यालय की संस्तुति सहित नियमानुसार शपथ पत्र के साथ इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो इसे उच्चाधिकारियों/नियुक्ति प्राधिकारी के आदेशों की अवहेलना मानते हुये उसके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी, जिसके लिये वह स्वयं उत्तरादायी होगा।

(साधना श्रीवास्तव)
निदेशक

पत्रांक व दिनॉक–तदैव।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. विशेष सचिव, वित्त(सेवायें), अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
02. समस्त सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष को इस अपेक्षा के साथ प्रेषित कि पदोन्नति प्राप्त कार्मिकों को वर्तमान कार्यालय से तत्काल कार्यमुक्त करने तथा पदस्थापन/तैनाती कार्यालय में योगदान कराने का कष्ट करें तथा कार्यमुक्ति/योगदान की सूचना मानव सम्पदा पोर्टल पर अपडेट कराने का कष्ट करें।
03. सम्बन्धित कार्मिकगण।
04. लेखाकार पटल/मानव सम्पदा पटल।
05. आई0टी0 सेल को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
06. गार्ड पत्रावली/व्यक्तिगत पत्रावली हेतु।

निदेशक

E-510649 (R)

# आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश,
510/217, न्यू हैदराबाद, लखनऊ–226007

Website:-upiaad.up.gov.in
E-mail:-dia-upfinance@up.gov.in
Telephone:-522-4331772/0522-4331773
E.H.R.M.S Code:- 1531435

पत्रांक : आ0ले0प0/ 2856 /4308/अधि0/ए0सी0पी0/लेखाकार/खण्ड–15 दिनांक 17-12-2025

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष
उत्तर प्रदेश।

**विषय–ए0सी0पी0 की स्वीकृति हेतु पात्र कार्मिकों के निर्धारित प्रारूप पर प्रस्ताव एवं वार्षिक चरित्र प्रविष्टि तथा सेवापुस्तिका प्रेषण के सम्बन्ध में।**

**महोदया/महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक इस निदेशालय के पत्रांक–आ0ले0प0/1612/4308/अधि0/ए0सी0पी0/लेखाकार/2023 दिनांक 31.08.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा लेखा संवर्ग/लेखा परीक्षक संवर्ग/सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के पदों पर तैनात कार्मिकों के ए0सी0पी0 स्वीकृत हेतु प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा की गयी है, परन्तु ए0सी0पी0 के प्रस्ताव अपूर्ण रूप से प्राप्त हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सम्बन्धित विभागों/कार्यालयाध्यक्षों के अधीन कार्यरत लेखा संवर्ग/लेखा परीक्षक संवर्ग/सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के ए0सी0पी0 का प्रस्ताव भेजते समय पूर्व में संदर्भित/निर्देशित प्रस्ताव में घोषित कालम के अनुसार निदेशालय को प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं, जिसके कारण लेखा संवर्ग/लेखा परीक्षक संवर्ग/सहायक लेखाधिकारी संवर्ग की ए0सी0पी0 स्वीकृति में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है, जो अत्यन्त खेदजनक है।

ज्ञातव्य हों कि सम्बन्धित कार्मिकों की ए0सी0पी0 की देयता निर्धारित करने से पूर्व सम्बन्धित कार्मिकों को उनके सेवाकाल में दिए जा चुके सेवा सम्बन्धी लाभों के अवलोकन/परीक्षणोंपरान्त् ही वर्तमान/देय/लम्बित/प्रस्तावित ए0सी0पी0 की देयता सुनिश्चित की जाती है। विशेष रूप से यह अवगत कराना समीचीन है कि सम्बन्धित विभागों/कार्यालयों द्वारा लेखा संवर्ग/लेखा परीक्षक संवर्ग/सहायक लेखाधिकारी संवर्ग पदों पर तैनात कार्मिकों के प्रेषित किए जाने वाले ए0सी0पी0 प्रस्ताव में सभी कालमों में सम्पूर्ण विवरण अंकित नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा सम्बन्धित कार्मिकों की ए0सी0पी0 देयता सुनिश्चित करने में अनावश्यक विलम्ब होता है।

अतएव उपर्युक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित प्रारूप संलग्न कर इस आशय से प्रेषित किया जा रहा है कि सम्बन्धित लेखा संवर्ग/लेखा परीक्षक संवर्ग/सहायक लेखाधिकारी संवर्ग की सेवापुस्तिका के अनुसार सेवा विवरण अंकित करते समय यह भी सुनिश्चित करें कि कार्मिक को पूर्व में प्रदत्त सेवा लाभ निम्नानुसार देयता सही है तथा उनकी सेवापुस्तिका में नियुक्ति, पदोन्नति एवं सेवाकाल में दिए गए अन्य लाभों से सम्बन्धित आदेश की प्रतियां भी सेवापुस्तिका में अवश्य चस्पा की जाए। उक्त के उपरान्त् ही सम्बन्धित कार्मिक का ए0सी0पी0 प्रस्ताव, चरित्र प्रविष्टि के साथ–साथ मूल सेवापुस्तिका भी निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि ए0सी0पी0 की आगामी बैठक में प्रस्ताव स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। अपूर्ण ए0सी0पी0 प्रस्ताव/निर्धारित प्रारूप पर सूचना प्राप्त नहीं होने की दशा में ए0सी0पी0 की स्वीकृति/देयता पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। विचलन की दशा में सम्बन्धित उत्तरदायी होगें।

**संलग्न–निर्धारित नव प्रारूप।**

उ0लेखा0 (अ0)

अपर भुगतान (प्र0) 18-12-2025 1082

भवदीया,
(साधना श्रीवास्तव)
निदेशक

**पत्रांक व दिनांक उक्तवत्।**
**प्रतिलिपि–**

समस्त लेखा संवर्ग/लेखा परीक्षक संवर्ग/सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिकों को इस निदेश के साथ प्रेषित कि वह अपनी व्यक्तिगत रूचि लेकर संलग्न निर्धारित प्रारूप पर ही ए0सी0पी0 स्वीकृत हेतु प्रस्ताव अपने विभाग/कार्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

निदेशक

# सम्बन्धित कार्यालय हेतु परीक्षण प्रपत्र

कार्यालय का नाम................................

| क0सं0 | परीक्षण बिन्दु | अभिलेखीय आधार पर सेवा प्रास्थिति | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | मानव सम्पदा आई0डी0 संख्या | | |
| 2 | कर्मचारी का नाम | | |
| 3 | वर्तमान पदनाम | | |
| 4 | जन्म तिथि | | |
| 5 | ग्रेडेशन क्रमांक | | |
| 6 | स्थायीकरण की स्थिति–अस्थाई/स्थाई | | |
| 7 | प्रथम नियुक्ति का विवरण | | |
| (A) | नियुक्ति का आदेश संख्या व दिनांक | | |
| (B) | पदनाम | | |
| (C) | वेतनमान | | |
| (D) | योगदान की तिथि | | |
| 8 | प्रथम पदोन्नति का विवरण | | |
| (A) | आदेश संख्या व दिनांक | | |
| (B) | पदनाम | | |
| (C) | वेतनमान | | |
| (D) | पदोन्नति पद पर योगदान की तिथि | | |
| 9 | प्रथम ए0सी0पी0 का विवरण | | |
| (A) | देयता की तिथि | | |
| (B) | स्वीकृति का दिनांक | | |
| (C) | वेतनमान/ग्रेड वेतन | | |
| 10 | द्वितीय पदोन्नति का विवरण | | |
| (A) | आदेश संख्या व दिनांक | | |
| (B) | पदनाम | | |
| (C) | वेतनमान | | |
| (D) | पदोन्नति पद पर योगदान की तिथि | | |
| 11 | द्वितीय ए0सी0पी0 का विवरण | | |
| (A) | देयता की तिथि | | |
| (B) | स्वीकृति का दिनांक | | |
| (C) | वेतनमान/ग्रेड वेतन | | |
| 12 | 14 वर्ष की सेवा पर प्रथम प्रोन्नत वेतनमान का विवरण | | |
| (A) | स्वीकृति का दिनांक | | |
| (B) | वेतनमान | | |
| 13 | 24 वर्ष की सेवा पर द्वितीय प्रोन्नत वेतनमान का विवरण | | |
| (A) | स्वीकृति का दिनांक | | |
| (B) | वेतनमान | | |
| 14 | प्रस्तावित ए0सी0पी0 का विवरण | | |
| (A) | प्रथम–देय दिनांक/ग्रेड वेतन | | |
| (B) | द्वितीय–देय दिनांक/ग्रेड वेतन | | |
| (C) | तृतीय–देय दिनांक/ग्रेड वेतन | | |
| 15 | अभियोजन की स्थिति | | |
| 16 | कोर्टकेस की स्थिति | | |
| 17 | अनुशासनात्मक कार्यवाही की स्थिति | | |
| 18 | कार्मिक की संलग्न चरित्र प्रविष्टि का विवरण | | |
| 19 | यदि कार्मिक को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गयी हो तो उसका वर्ष | | |
| 20 | सेवा सम्बन्धी अन्य कोई आवश्यक विवरण | | |

कार्मिक की सेवापुस्तिका मूलरूप में संलग्न है। वापसी अपेक्षित है।

संस्तुति सहित ए0सी0पी0 प्रस्ताव प्रेषित।

हस्ताक्षर

कार्यालयाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी का नाम व पदनाम